ततवानी में पशु औषधालय का स्तरोन्नत करके किया लोकार्पण

● सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने 110 लाख से निर्मित बडंज-सिरमनी-सिद्धपुर पेयजल योजना के उद्घाटन समारोह में शिरकत की

● रैत कोहला बल्ला सड़क निर्माण पर व्यय होंगे 1793 लाख

सवेरा न्यूज / जसवंत कठियाल

धर्मशाला 21 सितंबर : सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने बुधवार को शाहपुर निर्वाचन क्षेत्र के गांव ततवानी में स्तरोन्नत पशु औषधालय तथा लगभग 110 लाख से निर्मित बडंज-सिरमनी-सिद्धपुर पेयजल योजना के उद्घाटन समारोह में शिरकत की।

सरवीण चौधरी ने अपने सम्बोधन में कहा कि उठाऊ सिंचाई योजना लंज के सुधार पर 295.91 लाख, उठाऊ पेयजल योजना बोड क्वालु के सुधार पर 141.8 लाख, जलजीवन मिशन के अंर्तगत विभिन्न पेयजल योजनाओं

ततवानी में पशु औषधलय का स्तरोन्नत करके लोकार्पण करते सरवीण।

की वितरण प्रणाली सुधार एवम हर घर नल से जल उपलब्ध करवाने के लिए 1003.00 लाख, शाहपुर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न पेयजल योजनाओं के सुधार पर 507 लाख, उठाऊ पेयजल योजना बोड क्वालु के सुधार व वितरण पर, जलशक्ति मण्डल शाहपुर के अंतर्गत विभिन्न पेयजल योजना पर 444.28 लाख तथा एशियन डिवैल्पमैंट बैंक के अन्तर्गत उठाऊ पेयजल योजना बंडी रिछयालु व मनई परगोड पर 3190 लाख व्यय किये जायेंगे। इसके अलावा पेयजल योजना कोरियां सन्ध हार डडोली हरजिन बस्ती पर 142.76 लाख, पेयजल योजना बडंज सिरमनी सिद्धपुर के निर्माण पर 110.10 लाख तथा बहाव सिंचाई योजना कोहला कुहल गांव फेरा ग्राम पंचायत अप्पर लंज के पुनिर्न र्माण पर 39.82 लाख रूपये व्यय करके सारे कार्य पूरे कर लिए गए हैं । उन्होंने कहा कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत डडौली, मलाहरी, काहलिया, लंज खास में 1311 पानी के नये कनैक्शन लगाये जायेंगे। इसके अलावा उठाऊ पेयजल योजना बोढ क्वालू के तहत 224 नये पानी के कनैक्शन लगाने का प्रावधान है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री सरवीण चौधरी ने कहा कि हर घर में नल से शुद्ध जल उपलब्ध करवाने के लिये केंद्र सरकार ने महत्वकांशी योजना जल जीवन मिशन शुरू की है और इसमें 60 हजार करोड का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भी जल जीवन मिशन में वर्ष 2021-22 में 1429 करोड रु पये का प्रावधान किया गया है। मंत्री ने बताया कि प्रदेश में एक पशु अस्पताल, एक नया पशु पॉलीक्लिनिक तथा 10 नए पशु औषधालय खोले गए हैं। इसके अलावा 23 पशु औषधालयों को पशु अस्पताल, एक पशु औषधालय को जोनल पशु अस्पताल और एक पशु अस्पताल को उप मंडलीय पशु अस्पताल में स्तरोन्नत किया गया है। सरवीण ने कहा कि हरनेरा-बडंज-सिद्धपुर-सलवाना-ततवानी सडक के सुधारीकरण पर 436 लाख रु पये व्यय किये जा रहे हैं जिसका 60 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। सिद्धपुर में सामुदायिक भवन पर 5 लाख, सलवाना में उपस्वास्थ्य केंद्र के भवन पर 35 लाख व सलवाना में सम्पर्क सडक पर इंटरलॉकिंग टायल लगाने पर 30 लाख रु पये व्यय करके कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके अलावा रैत-कोहला-बल्ला सडक निर्माण पर 1793 व्यय किये जायेंगे ताकि इस क्षेत्र के लोगों को सडक सुविधा मिल सके ।

सरवीण चौधरी उन्होंने इस अवसर पर ततवानी के लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकतर का मौके पर ही समाधान किया। उन्होंने अधिकारियों को लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध हल करने के भी निर्देश दिये।

इस अवसर एक्सईएस डीओ जल शक्ति सुमित कटोच, उप निदेशक पशुपालन विभाग संजीव धीमान, जेई लोकनिवि अग्नेश, पूर्व बीडीसी चेयरमैन अश्वनी चौधरी, प्रधान ततवानी मधु बाला, उपप्रधान कुलदीप, भीखम राज, शिव कुमार सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे ।

भूतपूर्व सैनिक के लिए 29 को चुवाडी में आयोजित होगा चिकित्सा शिविर

सवेरा/ अविनाश गुप्ता चंबा, 21 सितंबरः उपनिदेशक सैनिक कल्याण कार्यालय चंबा कैप्टन अनुमेहा पराशर(सेवा निवृत) ने जानकारी देते हुए बताया की 29 सितंबर को सैनिक विश्राम गृह चुवाडी में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में भूतपूर्व सैनिक ,दिव्यांग सैनिक व उनके परिवारों की वीर नारियों के सदस्यों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। उन्होंने सभी पूर्व सैनिकों से आग्रह किया कि इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने यह भी बताया कि चिकित्सा शिविर में कर्नल रोहित शर्मा , डॉ वाई डी. शर्मा , लाभ सिंह स्वास्थ्य जांच करेंगे।

असहनीय दर्द की बेहद असरकारी दवा
Orthovit Capsule
ओर्थोवीट कैप्सूल
पुराना गठिया, बदन दर्द, पुरानी दर्द, साइटिका, कमर दर्द, सूजन, मासपेसियों में खिचाव, चोट-मोच और अन्य शारीरिक दर्द में ले आयुर्वेदिक जडी–बूटियों से तैयार ओर्थोवीट कैप्सूल और मालिश के लिए प्रयोग करें ओर्थोवीट ऑयल। शीघ्र और स्थायी लाभ की पूरी गारंटी।
ORTHOVIT OIL
ओर्थोवीट ऑयल
REPL का हर प्रोडक्ट आपकी उम्मीदों पर खरा उतरेगा।
e-mail : customercare@replpharma.com
सभी प्रमुख दवा दुकानों में उपलब्ध

न्यूज गैलरी

विधायक अरुण ने किया लूहना-मंगरेला पेयजल योजना का शिलान्यास

पेयजल योजना का शिलान्यास करते विधायक अरुण कुमार कुक्का।

सवेरा न्यूज/ विनय सूदन (नगरोटा बगवां) : विधायक अरुण कुमार कुक्का ने ग्राम पंचायत लूहना मंगरेला में उठाऊ पेयजल जल योजना का शिलान्यास किया, जोकि लगभग 3 करोड़ 67 लाख रुपए की लागत से यह स्कीम बनकर तैयार होगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस पानी की स्कीम का कार्य पूरा कर इसे जनता को समिर्पत कर दिया जाएगा। इसके साथ ही विधायक अरुण कुमार कुक्का ने ग्राम पंचायत लुहना में लोगों की समस्याओं को भी सुना और उनका मौके पर ही निपटारा भी किया। विधायक ने बडोलू बस्ती के लिए सड़क निर्माण हेतु 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। कुमार बस्ती में सड़क के साथ ड्रेन बनाने हेतु 2 लाख रुपए देने की घोषणा की। इसके साथ ही ग्राम पंचायत लुहना में विक्रम जीत, सुरजीत सिंह, रित धीमान, सुमन चौधरी इन लोगों ने कांग्रेस का दामन छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया है। इस मौके पर मुख्य रूप से पंचायत प्रधान व उपप्रधान बीडीसी सदस्य वॉर्ड सदस्य जिला परिषद सदस्य विभागीय अधिकारियों के साथ गांव की गणमान्य जनता मौजूद रही।

जनता ने दिया मौका तो शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में लाएंगे सुधार : उमाकांत डोगरा

पत्रकार वार्ता के बाद पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ उमाकांत डोगरा।

नगराटा बगवा, 21 सितबर (विनय सूदन) : नगराटा बगवा स आम आदमा पाटा प्रत्याशी उमाकांत डोगरा ने आयोजित पत्रकार वार्ता में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का उन्हें नगरोटा बगवां से पार्टी प्रत्याशी घोषित करने के लिए आभार जताया है। उन्होंने जिला अध्यक्ष संजय भारद्वाज एवँ डॉ नरेश विरमानी का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वह आम आदमी पार्टी की नीतियों को लेकर जनता के बीच जाएंगे तथा नगरोटा बगवां में आम आदमी पार्टी से जुडे सभी साथियों के सहयोग से चुनाव मैदान में उतरेंगे। उन्होंने कहा कि यदि नगरोटा की जनता ने उन्हें मौका दिया तो वह शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार लाएंगे।

गग्गल में गांव दाढ़ी के बच्चे को उठाने का प्रयास

पुलिस बच्चे को परिजनों के हवाले करती ।

सवेरा न्यूज़/रोहित सैनी(गग्गल): बुधवार शाम गग्गल चौक में उस समय अफरा तफरी मच गई जब दाढ़ी से बाल साइकिल द्वारा 11 वर्षीय बच्चा गग्गल पहुंचा जिसने चौक में खड़े गांव बनवाला के सेवानिवृत्त सूबेदार अशोक कुमार को बताया कि वह दाढ़ी का रहने वाला है तथा दोपहर को वह साइकिल पर सामान लेने एक दुकान पर गया और दुकान बंद होने के चलते वह जैसे ही घर जाने के लिए वापिस मुड़ा तो दो बाइक सवारों ने उसे बाइक पर बैठने को कहा जिस पर संदेह होने पर उसने बाइक उतराई में भगाना शुरू कर दी अर्णव नामक कक्षा 6 वीं के छात्र ने बताया की बाइक सवार गग्गल तक उसका पीछा करते रहे। अशोक कुमार ने बच्चे को गग्गल पुलिस के यातायात कर्मी राजीव शर्मा के हवाले कर दिया जिस पर उन्होंने बच्चे के परिजनों को इसकी सूचना दी। अरनव के पिता सेना में अधिकारी बताएं जाते हैं जो महाराष्ट्र में सेवारत हैं। पुलिस ने बच्चे को उसकी माता डिंपल के हवाले कर दिया। इलाका वासियों ने मांग की है की शीघ्र सीसीटीवी कैमरे खंगाल कर बाइक सवारों का सुराग लगाया जाए कि वो बच्चे को क्यों उठाना चाहते थे।

समाज सेवा की भावना से जुड़े हैं राजनीति में : बसपा उपाध्यक्ष विजय

विजय कुमार बाहड़ी

सवेरा न्यूज़/ मनोज (कांगड़ा) : कांगडा विधानसभा क्षेत्र के बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कुमार बाहड़ी किसी परिचय के मोहताज नहीं है। विशेष बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि उनका जन्म स्वर्गीय श्री गिरधारी लाल के यहां 15 जनवरी 1963 को हुआ। उनका मानना है कि यह समाज सेवा की भावना से राजनीति में आगे आए हैं वह संविधान निर्माता बाबा साहिब भीम राव अंबेडकर बसपा के संस्थापक स्वर्गीय बाबा कांशी राम व बहन मायावती को अपनी प्रेरणा का स्तोत्र मानते है पिछले 10 वर्षों से बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष रह चुके है। वहीं 10 वर्षों से पार्टी के राज्य महासचिव भी रह चुके हैं। करोना काल के दौरान उन्होंने जरूरतमंद लोगों की मदद भी की। 2012, 2017 की हिमाचल प्रदेश विधान सभा चुनाव बसपा के टिकट पर कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव भी लड़ चुके हैं।

एक सप्ताह पूर्व सरकारी आदेश अभी तक बेअसर नजर आ रहें

मैडीकल कालेज चंबा को 22 चिकित्सकों के आने का इंतजार

सेवरा / विनोद कुमार

चंबा, 21 सितंबरः विशेषज्ञ चिकित्सकों को तरस रहे पंडित जवाहर लाल नेहरू मैडीकल कॉलेज चंबा की इस कमी के चलते जिला चंबा के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए तरसना पड़ रहा है।

इस कमी के कारण यह मैडीकल कॉलेज सही मायने में एक रेफरल अस्पताल बन कर रहा गया है। इस बात को लेकर विपक्ष व लोग समय-समय पर इस कमी को दूर करने के लिए सरकार से मांग करते रहे हैं और इसी के चलते सरकार ने बीते सप्ताह इस मैडीकल कॉलेज में 22 विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति के आदेश जारी किए थे। सरकार के इस कदम की हर तरफ सराहना होने लगी थी तो साथ ही जिला चंबा के लोगों में यह उम्मीद जगी थी कि अब चंबा के इस मैडीकल कॉलेज में चल रहे विशेषज्ञ चिकित्सकों का अकाल समाप्त हो जाएगा। इन आशाओं के बीच सरकार के इन आदेशों को जारी हुए एक सप्ताह से अधिक का समय हो गया है लेकिन मैडीकल कॉलेज चंबा में अभी तक एक भी नये विशेषज्ञ चिकित्सक ने अपनी ज्वाइनिंग दर्ज नहीं करवाई है। हैरान करने वाली बात है कि प्रदेश विधानसभा चुनाव की दहलीज पर खड़े होने के बावजूद मैडीकल कॉलेज चंबा में सरकार के आदेश जारी होने के बावजूद एक भी चिकित्सक द्वारा चंबा में ज्वाइन करने में रुचि नहीं दिखाने का यह मामला आने वाले समय में सत्ताधारी दल के लिए सिरदर्द बन सकता है। अब इस मामले पर विपक्ष भी नजरे लगाए बैठा है क्योंकि वह इस बात को भली भांति जानता है कि इस जनिहत से जुड़े मुद्दे के आधार पर वह खुद को जिला चंबा के लोगों को हितेषी होने का ढोल पीट सकता है।

देखना होगा कि इस मामले पर सत्ताधारी दल से जुड़े नेता क्या कदम उठाते हैं। यह पहला अवसर नहीं है जब सरकार देश के इस आंकाक्षी जिला के मैडीकल कॉलेज में रिक्त चल रहे चिकित्सकों के पदों को भरने के लिए आदेश जारी किए हो और चिकित्सकों ने यहां ड्यूटी तक ज्वाइन करना जरूरी नहीं समझा है। कुछ माह पहले भी हिमाचल सरकार ने इस मैडीकल कॉलेज चंबा के लिए 18 चिकित्सकों की नियुक्त के आदेश जारी किए थे जिसमें से कई चिकित्सकों ने यहां अपनी ज्वाइनिंग तो दे दी थी लेकिन उसके बाद वे डॉक्टर कहां सेवाएं दे रहे हैं इसके बारे में जिला चंबा के लोगों को कोई जानकारी नहीं है।

क्या कहते है कांग्रेस जिला अध्यक्ष नीरज नैयर

जिला कांग्रेस अध्यक्ष चंबा नीरज नैयर ने कहा कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में जिला चंबा के लोगों से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर खिलवाड़ ही किया गया। खुद ही सरकार चिकित्सकों के तबादला आदेश जारी करती रही और खुद ही उन्हें रद्द करती रही। मैडीकल कॉलेज चंबा की जांच के लिए केंद्र से आने वाली एमसीआई की टीम की आंखों में धूल झोंकने के लिए मैडीकल कॉलेज टांडा में तैनात डॉक्टरों को चंबा भेज दिया जाता है और एससीआई के टीम के वापस लौटते ही चंबा में कार्यरत विशेषज्ञ चिकित्सक फिर से टांडा लौट जाते हैं। पूरे पांच वर्षों में सरकार ने जिला चंबा के साथ ही खेल खेला।

क्या कहना है कार्यवाहक प्राचार्य का

जिन 22 विशेषज्ञ चिकित्सकों के मैडीकल चंबा में तैनाती के आदेश जारी हुए थे उससे संबिन्धत कुछ औपचारिकताएं शेष हैं जिनके पूरा होते हुए ये चिकित्सक चंबा मैडीकल कॉलेज में अपनी उपिस्थति दर्ज करवाएंगे।

भाखड़ा ब्यास प्रबंध बोर्ड
(सिंचाई खंड)
शुद्धिपत्र ई-निविदा आमंत्रण सूचना
''क्रशड एग्रीगेट, रेत तथा गोला पत्थर की आपूर्ति'' कार्य के लिए हमारी निविदा सूचना (एनआईटी नं. 05/2022-23) के संदर्भ में। निविदा दस्तावेज के डाऊनलोड तथा अपलोड हेतु अन्तिम तिथि 03.10.2022 को सायं 16.00 बजे तक बढ़ा दी गई है और यह 04.10.2022 को सायं 15:30 बजे खोली जाएगी। अन्य सभी नियम तथा शर्तें यथावत रहेंगी।
विवरण के लिए कृपया हमारी www.bbmb.gov.in और https://eproc.punjab.gov.in देखें।
कार्यकारी अभियन्ता, टाऊनशिप डिवीजन, बीबीएमबी, सुन्दरनगर, जिला मंडी, (हि.प्र.)-175019
1235-पीआर-बीएसएल-3 उज्जवल रहे कल ऊर्जा बचाओ हरपल

पारंपरिक ज्ञान डिजिटल लाइब्रेरी इकाई
14, सत्संग विहार मार्ग, नई दिल्ली-110067
दूरभाष: 011-47011293; ई-मेल: tkdlsupport@csir.res.in
विज्ञापन संख्या - TKDL/01/2022
सी.एस.आई. आर. टी.के.डी.एल. इकाई, विज्ञान और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय), भारत सरकार के अन्तर्गत आने वाली स्वायत्त संस्थान वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् की एक इकाई है।
सी.एस.आई. आर. टी.के.डी.एल. इकाई इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विषय के लिए अपने प्रोजेक्ट "Modernization and upgradation of Information Technology infrastructure of Traditional Knowledge Digital Library Unit" (MLP0003), Digitization of Indian Systems of Medicine - Ayurveda and Unani, and Yoga" (MLP0004), "Digitization of Indian Systems of Medicine - Siddha and Sowa Rigpa" (MLP0005) and "Filing of Third Party Observations and Pre-grant Oppositions based on TKDL Evidences" (MLP0008) के अन्तर्गत योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करती है। इस प्रोजेक्ट से संबंधित गतिविधियाँ दिल्ली, जम्मू, श्रीनगर, हैदराबाद, चेन्नई, लेह, या पालमपुर में होंगी। यह नियुक्ति पूर्ण रूप से अस्थायी तथा संविदात्मक हैं।
विस्तृत विज्ञापन सी.एस.आई.आर की website www.csir.res.in पर उपलब्ध है।
आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि: 06 October 2022
अवर सचिव,
CBC 36202/12/0010/2223 सी.एस.आई.आर.-टी.के.डी.एल. इकाई

प्रधानमंत्री मोदी ने लगातार रचा सफलता का इतिहास : खन्ना

जसवंत कठियाल

धर्मशाला 21 सितम्बर : जिला

कांगड़ा, भाजपा प्रदेश प्रभारी अविनाश राय खन्ना ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में लगातार सफलता का इतिहास रचा है। भारत की सर्विवकास नीति खुली सोच और व्यवहारिकता पर आधारित ''सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास'' के सूत्र पर आधारित है तथा जिटल मुद्दों के समाधान के लिये इसमें 'सबका प्रयास' के तत्व भी समाहित हैं। जीत पर जीत दर्ज कर रची मिशन रिपीट की गाथा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में सरकार को रिपीट किया। भाजपा हिमाचल में भी एक बार सशक्त सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि सुशासन की कमी की वजह से लोगों का लोकतांत्रिक व्यवस्था पर से विश्वास कम होता जा रहा था। उन्होंने कहा कि सुशासन को जमीनी स्तर तक पहुंचाकर प्रधानमंत्री मोदी ने लोकतंत्र पर जनता का विश्वास बहाल किया है। खन्ना ने कहा ने कहा कि लोगों को लगता है कि मोदी 2014 में सरकार चलाने के लिए सत्ता में नहीं आए हैं बल्कि एक साफ-सुथरी, पारदर्शी और कल्याकारी प्रशासन देने के लिए आए हैं और ऐसा करके उन्होंने देश की स्थिति ही बदल दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद लोकतंत्र पर लोगों का भरोसा बढ़ा है क्योंकि उन्हें मोदी सरकार की विकास योजनाओं के लाभ मिलने लगे। खन्ना ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने वोट बैंक को सामने रखते हुए कुछ निर्णय लिए लेकिन ''नरेंद्र मोदी सरकार लोगों को अच्छा लगे, ऐसे फैसले नहीं लेती है बल्कि लोगों के लिए अच्छे हों, ऐसे फैसले लेती है। यह एक बहुत बड़ा अंतर है। कुछ निर्णयों से आपकों कुछ समय के लिए लोकप्रियता तो हासिल हो जाती हैं लेकिन समस्याएं समाप्त नहीं होतीं।''

उन्होंने कहा कि मोदी ने सभी को साथ लेकर सुशासन को साकार करने दिशा में प्रयास किए। सुशासन की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि लोगों की अपेक्षा है कि विकास का जो मॉडल हो सर्वस्पर्शी व सर्वसमावेशक हो और देश का कोई क्षेत्र ऐसा ना हो जिसमें विकास का स्पर्श ना होता हो तथा समाज का कोई व्यक्ति ऐसा ना हो जिसका विकास के मॉडल में समावेश ना हो।

ज्वाली में स्थायी अतिरिक्त जिला न्यायालय बनाने की मांग जोरों पर

सवेरा न्यूज /गुलेरिया

ज्वाली : ज्वाली में स्थायी अतिरिक्त जिला न्यायालय बनाने की मांग जोरों पर है जिसके सम्बन्ध में बार एसोसिएशन ज्वाली में बार अध्यक्ष अंजनी शर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें लोगों की माँग पर सर्वसम्मति से यह पारित किया गया कि ज्वाली में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश का जो कैंप लगता है उसके बजाय स्थाई रूप से अतिरिक्त जिला न्यायाधीश की कोर्ट स्थापित किया जाए क्योंकि लोगों को न्याय प्राप्त करने के लिए 100 किलोमीटर से ऊपर का सफर तय करके धर्मशाला जाना पड़ता है यदि ज्वाली में स्थायी रूप से अतिरिक्त जिला न्यायालय बना दिया जाता है तो लोगों को घर द्वार पर ही न्याय मिल जाएगा।

बा-अदालत नायब तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी सुलह, उप- तहसील सुलह जिला कांगड़ा हि.प्र.
किस्म मुकद्दमाः- तकसीम
तारीख पेशी 04/10/2022
देविन्द्र सिंह बनाम गुरदेव आदि ।
नोटिस बनामः-
गुरदेव पुत्र अमर सिह - सुग्रीव चन्द पुत्र स्वामी पुत्र रसीलू निवासियान महाल घरथोली हदबस्त नं. 103 उपतहसील सुलह जिला कांगड़ा हि.प्र.।
भूमि खाता नं. 136 खतौनी नम्बर 311, खसरा नं. 83 रकबा तादादी 0-13-21 हैक्ट. स्थित महाल घरथोली उपतहसील सुलह जिला कांगडा हि. प्र.।
मुस्त्री मुनादी / अखबारी इश्तिहार
उपरोक्त मुकद्दमा इस न्यायालय में विचाराधीन है । इसमें प्रतिवादीगण को सम्मन जारी कर तलब किया गया, परन्तु रिपोर्ट तामील कुनिन्दा अनुसार प्रतिवादीगण का सही पता न चल सका । प्रार्थी ने प्रतिवादीगण का सही पता पेश करने में असमर्थता व्यक्त की तथा मुस्त्री मुनादी / अखबारी इश्तिहार जारी करने का अनुरोध किया । अतः अब प्रतिवादीगण को मुस्त्री मुनादी/ अखबारी इश्तिहार जारी कर सूचित किया जाता है कि इस केस बारे कोई भी उजर व ऐतराज हो तो वह दिनांक 04/10/2022 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होकर पेश कर सकता है । गैर हाजिरी की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी ।
आज दिनांक 04/08/2022 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ ।
सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी सुलह, जिला कागड़ा, हि.प्र.

बा-अदालत जनाब कार्यकारी दंडाधिकारी ऊना, तहसील एवं जिला ऊना हि.प्र.

केस नं.	किस्म मुकद्दमा	तारीख पेशी
15/T/Marri./2022	विवाह पंजीकरण	10-10-2022

1. राहुल पुत्र रवि कुमार निवासी भडोलियां कलां, तहसील व जिला ऊना हि.प्र.
2. श्रुति शर्मा पुत्री तिलकराज शर्मा वार्ड नम्बर 9 निवासी कांगड़ा हाल पत्नी राहुल पुत्र रवि कुमार निवासी भडोलियां कलां, तहसील व जिला ऊना हि.प्र.

बनाम
''आम जनता''
''इश्तिहार अखबार''

विषयः- प्रार्थना पत्र शादी पंजीकरण प्रार्थीगण राहुल पुत्र रवि कुमार निवासी भडोलियां कलां तहसील व जिला ऊना हि.प्र. तहसील व जिला ऊना हि.प्र. तहसील व जिला ऊना हि.प्र. बाबत दिए जाने आदेश रजिस्ट्रेशन शादी ग्राम पंचायत भडोलियां कलां जिला ऊना हि.प्र.
प्रार्थना पत्र शादी पंजीकरण प्रार्थी राहुल पुत्र रवि कुमार निवासी गांव भडोलियां कलां, तहसील व जिला ऊना हि.प्र. तहसील व जिला ऊना हि.प्र., बाबत दिए जाने आदेश रजिस्ट्रेशन शादी ग्राम पंचायत भडोलियां कलां हिमाचल प्रदेश ने इस अदालत में एक प्रार्थना पत्र दायर किया है कि उसकी शादी हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार दिनांक 19-10-2020 को श्रुति शर्मा पुत्री तिलक राज शर्मा वार्ड नम्बर 9 निवासी कांगड़ा में हुई थी परन्तु यह शादी अनभिज्ञता के कारण ग्राम पंचायत भडोलियां कलां के रजिस्टर में उक्त शादी दर्ज न हो सकी।
अतः प्रतिवादी आम जनता व हर आम व खास को इश्तिहार दैनिक अखबार द्वारा सूचित किया जाता है कि अगर किसी को उपरोक्त विवाह पंजीकरण बारे कोई उजर व ऐतराज हो तो वह दिनांक तारीख पेशी 10-10-2022 को सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5:00 बजे तक इस न्यायालय में असालतन या वकालतन अपना ऐतराज अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है अन्यथा एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर ग्राम पंचायत भडोलियां कलां को उक्त विवाह पंजीकरण करने के आदेश जारी कर दिए जाएंगे। उसके उपरान्त कोई उजर / ऐतराज काबिले समायत न होगा। आज दिनांक 09-09-2022 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ।
No. 860 / R-I
Dated 09/09/2022
तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी ऊना, तहसील ऊना हि.प्र.

Proclamation under order 5 rule 20 CPC
In the Court of Ms. Geetika Yadav, Civil Judge Court No. II Una, District Una H.P.
In Case ref:- CS. No. 237/17/14
Next Date of Hearing:-03.11.2022
Central Bank of india a body corporate constituted under the Banking Company (Acquisition and Transfer of Undertaking) Act, 1970 with its Head Office at Chandermukhi Nariman Point Mumbai and a branch office amongst others at Haroli, Tehsil Haroli, district Una HP through its Sr. Branch Manager and Central Attorney Sh. L.R. Dogra
.....Applicant/petitioner
Vs.
Parveen Kumar son of Sh. Om Parkash R/o quarter No. 269, Sector I, Naya Nangal Tehsil Nangal District Ropar PB and others.
...respondents
Notice to Defendents:-
2. Sanjay Kumar Son of Sh. Om Parkash R/o Village Kalewal, Tehsil Garshankar, District Hoshiarpur PB 3. Bharat Bhushan S/o Late Sh. Om Parkash R/o Village Kalewal, tehsil Garshankar, District Hoshiarpur (PB)
Whereas in the above noted case it has been proved to the satisfaction of the court that above named defendants are avoiding service of summons and cannot be served in the ordinary way. Hence this Proclamation is hereby issued against the above said defendants on 13.10.2022 to defend the case personally or through an authorized agent or pleader failing which ex-parte proceedings will be taken against them and report in this regard be submit in this court on or before 03.11.2022 at 10:00 A.M.
Given under my hand and seal of the Court this 8th day of September, 2022
Civil Judge Court No. II
Una, Distt. Una, H.P.

फॉर्म जी
संपूर्ण भारत में विभिन्न स्थानों पर प्लास्टिक उत्पादों और ऑटो कंपोनेंट्स डिवीजनों में संचालित सिनटेक्स-बीएपीएल लिमिटेड के लिए रूचि की अभिव्यक्ति के लिए आमंत्रण
भारतीय दीवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दीवाला समाधान प्रक्रिया) विनियमन 2016 विनियमन 36ए (1) के तहत

प्रासंगिक विवरण

1.	सीआईएन के साथ कॉर्पोरेट देनदार का नाम	सिंटेक्स-बीएपीएल लिमिटेड यू 25199 जी जे2007 पी एल सी 051364
2.	पंजीकृत कार्यालय का पता	अभिजीत-1, 7वाँ तल, मीठाखाली सिक्स रोड्स, एलिसब्रिज, अहमदाबाद, गुजरात-380006
3.	वेबसाइट का यूआरएल	http://www.sintexbapl.co.in/
4.	उस स्थान का विवरण जहां अचल संपत्ति स्थित हैं	भारत में 12 विनिर्माण सुविधाएं हैं: (i) कलोल-पीपी डिवीजन, (ii) उलुवेड़िया - पीपी डिवीजन, (iii) नमक्कल - पीपी डिवीजन, (iv) नालागढ़-पीपी डिवीजन, (v) बुटीबोरी-पीपी डिवीजन, (vi) गुवाहाटी - पीपी डिवीजन, (vii) पुणे-आईसीएम डिवीजन, (viii) सोहना - आईसीएम डिवीजन, (ix) चेन्नई 1-आईसीएम डिवीजन (x) चेन्नई 2-आईसीएम डिवीजन, (xi) पीतमपुरा - आईसीएम डिवीजन, (xii) होसुर - आईसीएम डिवीजन। कॉर्पोरेट देनदार के बारे में और विवरण "टीज़र" में भी उल्लिखित हैं वेबसाइट http://www.sintexbapl.co.in/ पर अपलोड किया गया
5.	मुख्य उत्पादों/सेवाओं की स्थापित क्षमता	**प्लास्टिक उत्पाद डिवीजन** खंड / एमटी में वार्षिक संयंत्र क्षमता (मिक्स एसकेयू) प्लास्टिक अनुभाग (पीएस) 9,360 शीट मोल्डेड कंपाउंड (एसएमसी) 11,232 फाइबर-प्रबलित प्लास्टिक (एफआरपी) 1,200 रोटो मोल्डिंग 32,556 ब्लो मोल्डिंग (बीएमसी) 15,036 कुल 69,384 **भारतीय कस्टम मोल्डिंग (ऑटो) डिवीजन** खंड / एमटी में वार्षिक संयंत्र क्षमता (मिक्स एसकेयू) ब्लो मोल्डिंग 2,699 इंजेक्शन मोल्डिंग 12,628 थर्मासेट्स 174 कुल 15,502 नोट: क्षमता और क्षमता उपयोग की गणना प्रौद्योगिकी, मशीनों, उत्पादों और उत्पाद आकार मिश्रण के आधार पर की जाती है। मिश्रण में कोई भी परिवर्तन, क्षमता और क्षमता उपयोग में परिवर्तन का परिणाम होगा।
6.	पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य	**प्लास्टिक उत्पाद डिवीजन** वित्तीय वर्ष 22 मुख्य उत्पाद समूह / शुद्ध मात्रा एमटी में / मूल्य (करोड़ रुपये में) पानी की टंकी (रोटो और बीएमसी) 13,346 353 एसएमसी और एफआरपी 3,251 95 **भारतीय कस्टम मोल्डिंग (ऑटो) डिवीजन** वित्तीय वर्ष 22 मुख्य उत्पाद समूह / शुद्ध मात्रा एमटी में / मूल्य (करोड़ रुपये में) इंजेक्शन मोल्डिंग 10,435 227.70 नोट: चूंकि अलग-अलग उत्पाद एसकेयू की माप की अलग-अलग इकाई होती है, इसलिए, उपरोक्त आंतरिक कार्य रूपांतरण कारक के अनुसार कंपनी की टीम के अनुमानों पर आधारित है। नोट: कुल बिक्री में 10% या अधिक योगदान करने वाले उत्पाद पर विचार किया गया है।
7.	कर्मचारियों/कार्मिकों की संख्या	31 अगस्त 2022 के अनुसार डिवीजन / नंबर* प्लास्टिक उत्पाद 1,807 भारतीय कस्टम मोल्डिंग (ऑटो) 1,231 *नोट: कर्मचारियों, स्थायी कामगारों और संविदा कर्मियों
8.	दो वर्षों के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरण (अनुसूची के साथ), लेनदारों की सूची, प्रक्रिया की बाद की घटनाओं के लिए प्रासंगिक तिथियां सहित अधिक विवरण यहां उपलब्ध है:	http://www.sintexbapl.co.in/ पर CIRP टैब देखें या RP.SintexBAPL@IN.GT.COM पर एक ईमेल भेजें।
9.	संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत समाधान आवेदकों के लिए पात्रता यहां उपलब्ध है:	http://www.sintexbapl.co.in/ पर CIRP टैब के अंतर्गत उपलब्ध रुचि की अभिव्यक्ति (EOI) प्रक्रिया दस्तावेज़ देखें या RP.SintexBAPL@IN.GT.COM पर एक ईमेल भेजें।
10.	रुच